This question paper contains 7 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ........................

# 422

## B.A. (Programme) / I B

## HINDI LANGUAGE (C) – Paper I

## हिन्दी भाषा (ग) – प्रश्न-पत्र I

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए )**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10, 10**

(क) राष्ट्रीयता की माँग है कि भारत में रहने वाले सभी मज़हब के लोगों के साथ समानता का व्यवहार होना चाहिए और सदा एकरूपता लाने का प्रयास होना चाहिए । सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है । जब

चार करोड़ मुसलमान हमारे देश के अधिवासी हैं तो उनका संस्पर्श आप बचा नहीं सकते । ऐसी अवस्था में एकरूपता के अभाव में तथा संकीर्ण बुद्धि से उनके साथ व्यवहार करने में सदा भय बना रहेगा और संघर्ष होता रहेगा । भेद-भाव की बुद्धि मिटाकर तथा एकरूपता के लिए उचित साधनों को एकत्रित करके ही इस भय को दूर कर सकते हैं । एक व्यापक और उदार बुद्धि से काम लेने से तथा कानून और आर्थिक पद्धति की समानता से धीरे-धीरे विभिन्नता दूर होगी और इस देश के सभी लोग समान रूप से इस देश की उन्नति में लगेंगे । संस्कृति का ठीक-ठीक अर्थ कर और उसके स्वरूप को समझ कर ही हम आगे बढ़ सकते हैं । अन्यथा 'संस्कृति' के नाम पर बहुत अनर्थ होगा और राष्ट्रीय एकता के काम में बाधा पड़ेगी ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) लेखक के अनुसार राष्ट्रीयता की माँग क्या है ?

(iii) एकरूपता के अभाव में लेखक ने किस भय की आशंका व्यक्त की है ?

(iv) इस भय को दूर करने के लिए क्या करना आवश्यक होगा ?

(v) राष्ट्रीय एकता में संस्कृति की सही समझ क्यों आवश्यक है ?

(ख) अन्ततः इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा ? यह गम्भीर चिन्ता का विषय है । हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है । जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती । न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से । भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों । पित्ज़ा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य । समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है । जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और

अशान्ति को जन्म दे रहा है । जैसे-जैसे दिखाने की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशांति भी बढ़ेगी । हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्य भ्रम से भी पीड़ित हैं । विकास के विराट् उद्देश्य से पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं। मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं । व्यक्ति केन्द्रिकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है । भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं । किस बिन्दु पर रूकेगी यह दौड़ ? गाँधीजी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाज़े-खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) प्रस्तुत अनुच्छेद में लेखक किस संस्कृति के फैलाव से चिन्तित है ?

(iii) पित्ज़ा और बर्गर को कूड़ा खाद्य क्यों कहा गया है ?

(iv) समाज के वर्गों के बीच की बढ़ती दूरी किस प्रकार आक्रोश एवं अशांति को जन्म दे रही है ?

(v) स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के संदर्भ में गाँधीजी के क्या विचार हैं ?

(ग) भाषा यानी केवल जीभ, 'जुबान' नहीं । भाषा यानी मन और माथा भी । एक का नहीं, एक बड़े समुदाय का मन और माथा जो अपने आस-पास के और दूर के भी संसार को देखने-परखने-बरतने का संस्कार अपने में सहज सँजो लेता है । ये संस्कार बहुत कुछ उस समाज की मिट्टी, पानी, हवा में अंकुरित होते हैं, पलते-बढ़ते हैं और यदि उनमें से कुछ मुरझाते भी हैं तो उनकी सूखी पत्तियाँ वहीं गिरती हैं, उसी मिट्टी में खाद बनती हैं । इस खाद यानी असफलता की ठोकरों के अनुभव से भी समाज

कुछ नया सीखता है । लेकिन कभी-कभी समाज के कुछ लोगों का माथा थोड़ा बदलने लगता है । यह माथा अपनी भाषा भी बदलता है । यह सब इतना चुपचाप होता है कि समाज के सजग माने गए लोगों के भी कान खड़े नहीं हो पाते ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) लेखक भाषा को एक बड़े समुदाय का मन और माथा क्यों मानता है ?

(iii) 'इस खाद यानी असफलता की ठोकरों के अनुभव से भी समाज कुछ नया सीखता है ।' – इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iv) अपने आस-पास और दूर के संसार को देखने का संस्कार कहाँ अंकुरित होता है ?

(v) 'अंकुरित' शब्द में 'अकुर' मूल शब्द है और 'इत' प्रत्यय । 'इत' प्रत्यय लगाकर चार अन्य शब्द लिखिए ।

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) हामिद चिमटे के क्या-क्या गुण बताकर साथियों को चिमटे की तरफ आकर्षित करता है ?

(ईदगाह)

(ii) लेखक के अनुसार बाहरी शब्दों को अपनी भाषा में मिलाने के दो नियम कौन से हैं ?

(हिन्दी का सरलीकरण)

(iii) गाँवों को सरकारी लाभ क्यों नहीं मिल पाते ?

(गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(iv) दिल्ली पर किन-किन वंश के शासकों ने राज किया ?

(दिल्ली की आपबीती)

(v) सम्पन्न वर्ग टैक्स को बीमारी मानते हुए भी उससे चिपका क्यों रहना चाहता है ?

(अपनी-अपनी बीमारी)

(vi) हवाई जहाज से उतरते हुए एयर होस्टेस का मुस्कुराना लेखक को क्यों नहीं अच्छा लगा ?

(ऊपर उठने की मुसीबत)

(vii) प्राकृतिक प्रकोप से क्या तात्पर्य है ?

(थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(viii) दीपावली का पर्व किसका प्रतीक है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार व्याकरणिक कोटियों में अंतरण कीजिए : 5

(i) योग्य (संज्ञा)

(ii) महँगाई (विशेषण)

(iii) पढ़ाई (क्रिया)

(iv) दया (विशेषण)

(v) भक्त (संज्ञा)

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) समारोह को हज़ारों बालक, वृद्ध, नर और नारी देख रही थी ।

(ii) हमारा लक्ष्य प्रगति होनी चाहिए ।

(iii) महात्मा गाँधी का देश सदा आभारी रहेगा ।

(iv) सप्रमाण सहित उत्तर दो ।

(v) केवल यहाँ दो पुस्तकें रखी थीं ।

(vi) क्या आप यह पुस्तक पढ़ लिए हैं ?

(vii) गोष्ठी में अनेकों विद्वानों ने भागीदारी की ।

(viii) यहाँ देखने योग्य दर्शनीय स्थल कौन-कौन से हैं ?

4. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

(i) निर्मला के पिता पर किसने वार किया और क्यों ?

(ii) निर्मला का व्यवहार तोताराम तथा मंसाराम के सामने अलग-अलग क्यों था ?

(iii) सुधा कौन थी ? वह निर्मला के प्रति सहानुभूति क्यों रखती थी ?

(iv) निर्मला का विवाह भुवनमोहन से क्यों नहीं हो पाया ?

(v) निर्मला की बहन का क्या नाम था ? उसका विवाह कहाँ तय हुआ था ?

(vi) रूक्मिणी कौन थी ? निर्मला के साथ उसका व्यवहार कैसा था ?

(vii) 'प्रत्येक प्राणी को अपने हमजोलियों के साथ, हँसने-बोलने की जो एक नैसर्गिक तृष्णा होती है, उसी की तृप्ति का यह एक अज्ञात साधन था ।' – 'निर्मला' उपन्यास के संदर्भ में इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(viii) निर्मला के गहने चोरी होने के बाद उसके व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आया ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'तालाब पर काम अमानी में चलेगा ।' – यहाँ अमानी का क्या अर्थ है ?

(ii) आगौर किसे कहते हैं ? इसे अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(iii) तालाब के लिए प्रचलित किन्हीं चार नामों का उल्लेख कीजिए ।

(iv) गुचकुलिया किस प्रकार के तालाब को कहते हैं ?

(v) भोपाल ताल किस राजा द्वारा किस सदी में बनवाया गया था ?

(vi) 'नेष्टा' किसे कहते हैं ?

(vii) तालाब के संदर्भ में 'पाल' की क्या उपयोगिता है ?

(viii) 'अगरिया' जाति के लोग मुख्यत: क्या काम करते थे ?

5. (क) किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 10

(i) भारतीय संस्कृति

(ii) महँगाई डायन खाये जात है

(iii) विद्यार्थी और अनुशासन

(ख) 'मुंबई में हुई भीषण वर्षा के कारण अस्त-व्यस्त जीवन' विषय पर रिपोर्ट तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

परिवार में वृद्धों की उपेक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

6. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसके विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए । 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

संभव, योग्य, विप्लव, निर्मल, पराजय, स्वार्थ, आँसू, अंकुर, जीत, टिप्पणी